फाइल सं. 16-10/2018-एएस-III/लघु कोड
भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
अभिगम सेवा विंग
20-अशोक रोड, नई दिल्ली-110001

सं. 16-10/2018-एएस-III/लघु कोड/225/01 दिनांक : 10 मार्च, 2021

सेवा में,

सभी अभिगम सेवा प्रदाता,

विषय:- कुंभ मेला-2021, हरिद्वार को लघु कोड '1902' का आवंटन करने के संबंध में।

हरिद्वार में आयोजित किए जाने वाले कुंभ मेला के दौरान तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए कुंभ मेला-2021 हेल्पलाइन के रूप में लघु कोड '1902' को पुलिस महानिरीक्षक का कार्यालय, कुंभ मेला-2021, हरिद्वार, उत्तराखंड को आवंटित किया गया है। इस लघु कोड की निम्नलिखित विशेषताएं है:-

i श्रेणी-I: सेवा (यानि सभी अभिगम सेवा प्रदाताओं द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली अनिवार्य सेवा)

ii अभिगम्यता: सीमित यानि केवल राज्य के भीतर।

iii मीटर्ड सेवा: दूरसंचार विभाग के इस निदेश के बाद ऐसी किसी एजेंसी जिसे यह लघु कोड आवंटित किया गया है, की ओर से इस उद्देश्यार्थ जारी की गई सूचना के आधार पर इसे कॉल्ड पार्टी पेज (Pays) अथवा कालिंग पार्टी पेज (Pays) के रूप में लिया जा सकता है।

iv लघु कोड को पीआरआई नम्बर 01334-259300 पर समाप्त किया जाएगा।

v लघु कोड को केवल अस्थाई उद्देश्य के लिए आवंटित किया गया है तथा कुंभ मेला-2021, हरिद्वार के समापन के पश्चात इसे वापस ले लिया जाएगा।

2. सभी से आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध है।

संचित कुमार गर्ग

(संचित कुमार गर्ग)
एडीजी (एएस-III)

सूचनार्थ और आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रति प्रेषित:

1. सचिव, ट्राई।
2. सीएमडी, एमटीएनएल/सीएमडी, बीएसएनएल।
3. पुलिस महानिरीक्षक का कार्यालय, कुंभ मेला-2021, हरिद्वार, उत्तराखंड को हेल्पलाइन का कार्यान्वयन करवाने हेतु नोडल अधिकारी की नियुक्ति करने के लिए। (नोडल अधिकारी डीडीजी (टर्म), टर्म प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश (पश्चिम) से संपर्क करें)
4. निदेशक (पी एण्ड एन), दूरसंचार विभाग (मुख्यालय) (संपर्क किए जाने पर संबंधित टर्म प्रकोष्ठों को हेल्पलाइन के कार्यान्वयन हेतु संबंधित नोडल अधिकारी तथा टीएसपी के साथ समन्वय करने का निदेश दिया जाए)।
5. एक प्रति दूरसंचार विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।